कारोबारी सुगमता के लिए अपग्रेड होगा इन्वेस्ट यूपी का पोर्टल

जल्द लांच होगा निवेश मित्र 3.0 का अपग्रेड वर्जन

लखनऊ। प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी जल्द ही ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम 'निवेश मित्र 3.0' के अपग्रेड वर्जन को लांच करेगा। इससे व्यापार में सुगमता बढ़ेगी।

निवेश मित्र 3.0 राष्ट्रीय सिंगल विंडो पोर्टल के साथ जुड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो निवेशकों को सहज और एकीकृत प्लेटफार्म देगा। यह अपग्रेडेड प्रणाली विभागों के बीच कनेक्टिविटी में मौजूदा चुनौतियां भी दूर करेगी और स्वचालन प्रक्रियाओं को बढ़ाएगी।

पोर्टल की मुख्य विशेषताएं : एकीकृत डिजिटल इकोसिस्टम से प्रदेश में निवेश अनुकूल नीतियों को बढ़ावा मिलेगा। जीआईएस तकनीक के साथ केंद्रीकृत भूमि डाटा नोडल एजेंसियों के साथ वास्तविक समय में मिलेगा, जिससे खाली औद्योगिक जमीन का अपडेट मिलता रहेगा। जिला रैंकिंग, औद्योगिक पार्क रेटिंग और वास्तविक समय विश्लेषण के लिए स्मार्ट डैशबोर्ड। तत्काल सहायता, शिकायत समाधान और मार्गदर्शन के लिए बहुभाषी एआई बॉट की सुविधा भी मिलेगी। ब्यूरो